दैनिक जागरण
05/07/2012

www.jagran.com

इंडिया हैबिटेट सेंटर में केंद्रीय विद्यालय संगठन की सहायक सतर्कता आयुक्त अनुभूति मेहता ड्रेस को देखते हुए। जागरण

केंद्रीय विद्यालय के छात्रों की ड्रेस का बदला स्वरूप

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : केंद्रीय विद्यालयों के छात्र-छात्रा अब सर्दियों में ब्लेजर के बदले जैकेट पहनेंगे और स्पोर्ट्स ड्रेस में सफेद पोशाक की बजाय रंगीन ट्रैक सूट पहनेंगे। नए सत्र के मौके पर बुधवार को केंद्रीय विद्यालय संगठन ने स्कूलों में छात्र-छात्राओं के लिए नई स्कूल ड्रेस को लांच किया।

- **ट्रैक सूट पहन कर खेलेंगे केवीएस के बच्चे, सर्दियों में ब्लेजर की जगह पहनेंगे जैकेट**

इंडिया हैबिटेट सेंटर के मंगोलिया हॉल में आयोजित कार्यक्रम में इसे प्रदर्शित किया गया। तीन अलग-अलग श्रेणियों में छात्र व छात्राओं के लिए तैयार ड्रेस को डिजाइन किया गया है।

कक्षा 1-2 के छात्र पहली श्रेणी में, 3 से 8 तक के दूसरे तथा 8वीं से बारहवीं के छात्र-छात्राओं को तीसरी श्रेणी में रखा गया। केंद्रीय विद्यालय संगठन के कमिश्नर अविनाश दीक्षित ने बताया कि देश भर के लगभग 50 केंद्रीय विद्यालयों में इन ड्रेस को जारी किया जाएगा। एक महीने के भीतर ही इन ड्रेसों को 25 क्षेत्रीय ऑफिस में प्रदर्शित किया जाएगा। इसके बाद इसे दुकानों में खुदरा विक्रेताओं को सैंपल के तौर पर दिया जाएगा, जिससे अभिभावकों के लिए इसे खरीदना आसान हो सके।